अमर उजाला 26-10-2023

युवाओं को किया डिफेंस सेवाओं के लिए प्रेरित

संवाद न्यूज एजेंसी

अंबाला। गांधी मेमोरियल नेशनल कॉलेज की ओर से डॉ. रोहित दत्त के मार्गदर्शन में और डॉ एसएस नैन की अध्यक्षता में एनसीसी के तत्वावधान में डिफेंस सेवाओं में प्रवेश के लिए प्रेरणादायक विस्तार व्याख्यान का सफल आयोजन किया।

इसके मुख्य वक्ता मेजर अंशुल यादव (जेडआरओ, अंबाला कैंट) रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को डिफेंस के क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के परीक्षणों, भारतीय सेना, नौसेना और वायु सेवा में प्रवेश प्रक्रिया और उसमें सफलता प्राप्त करने के लिए आवश्यक दिशानिर्देशों पर विस्तार से चर्चा की। कॉलेज प्राचार्य डॉ. रोहित दत्त ने मुख्य वक्ता का कॉलेज प्रांगण में पहुंचने पर आभार जताया।

प्राचार्य ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम युवाओं में देशभक्ति और सेवा भावना को बढ़ाते हैं।

जानकारी देते सेना के अधिकारी। संस्था

कार्यक्रम के माध्यम से विद्यार्थियों को डिफेंस सेवाओं में प्रवेश हेतु विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी के लिए सरल तकनीक बताई है, जिससे कि डिफेंस के क्षेत्र में अपना उज्ज्वल भविष्य बना सकें। इस अवसर पर डॉ सुरेंद्र कुंडू, डॉ सीमा कंसल, डॉ. तृप्ति शर्मा (गर्ल्स विंग एनसीसी इंचार्ज) और सुषमा शर्मा भी मौजूद रहे।